# मैया री मैया एक खिलौना

मैया री मैया एक खिलौना छोटा सा दिलवा दे,
चाबी भर के छोडू तो वो एक ही रटन लगा दे,
वो बोले श्याम श्याम, राधे श्याम श्याम....
मैया री मैया एक खिलौना।

मोर मुकुट हो प्यारा प्यारा, मेरे मन बस जाए,
जो धुन मुरली की सुन ले वो मस्ती में खो जाए,
पग में पायल छम छम बाजे, सबको नाच नचा दे,
चाबी भर के छोडू तो वो एक ही रटन लगा दे,
वो बोले श्याम श्याम, राधे श्याम श्याम....
मैया री मैया एक खिलौना।

नैनों से हो अमृत वर्षा, मंद मंद मुस्काये,
ठुमक ठुमक जब चाल चले, मन मतवाला हो जाये,
एक बूंद उस अमृत रस की मैया मुझे पीला दे,
चाबी भर के छोडू तो वो एक ही रटन लगा दे,
वो बोले श्याम श्याम, राधे श्याम श्याम....
मैया री मैया एक खिलौना।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25980/title/maiya-ri-maiya-ek-khilona

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |